## सार-समाचार

### किशोरी का शव पेड़ पर लटका मिला

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के नाई थाना क्षेत्र उभेश्वर के जंगल में किशोरी का शव पेड पर लटका हुआ मिला। मामले में मृतका के नाना ने मृतका के सहेली व एक युवक पर शंका के आधार पर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का प्रकरण दर्ज करवाया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के नाई थाना क्षेत्र में उभयेश्वर के जंगल में बुधवार को वणादिया निवसी तुलसी (15) पुत्री पाण्डू गमेती का शव पेड पर लटका हुआ मिलां इकसी सूचना मिलने पर एएसआई हमेरलाल ने मृतका को फंदे से निचे उतार एमबी चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया। इस मामले में मृतका के नाना धार नाई निवासी खुमा पुत्र लालू ने श्रवण उर्फ लालु पुत्र रूपा गमेती एवं उसकी सहेली हेमा निवासी धार के खिलाफ तुसली को आत्महत्या करने के लिए प्रेरित करने का प्रकरण दर्ज करवाया। चार पांच पूर्व तुलसी अपनी सहेली हेमा के साथ घर से निकली थी। श्रवण से तुलसी का सगाई दस्तूर कर रखा था उस पर प्रताडित करने की आशका जलाई है। तुलसी का पता नहीं चलने पर पूछा तो हेमा ने उसे छोड़ कर गुजरात चले जाने की जानकारी दी है। इस पर पुलिस ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा दिया है। जिसका शुक्रवार को अंतिम संस्कार होगा।

### चैक चोरी का मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** सुखेर थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ पीडित के घर से चैक चौरी कर बैंक से रूपये निकालने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित अतुल बजाज पुत्र अशोक निवासी गोल्ड लिंक विला के पीछे भुवाणा ने अज्ञात चोर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 23 सितंबर को मैं मलेशिया घूमने गया था। 30 सितंबर को मुझे बैंक से 1 लाख 80 हजार रूपये निकाले जाने का मैसेज मिला। इस पर बैंक से संपर्क किया तो सेल्फ चैक जरिये 3 लाख 80 हजार रूपये निकाले जाने की जानकारी सामने आई। इस पर मैने नौकर को घर भेजा तो ताला टूटा हुआ एवं मरा, मेरी पत्नी, कंपनी के चार चैक गायब होकर उनसे पैसे निकाले जाने की संभावना व्यक्ति की। 3 अक्टूबर को घर लौट कर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच एएसआई महिपालसिंह कर रहे है।

### बजरी से भरा डंपर जब्त

**उदयपुर, (कासं)।** टीडी थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध बजरी से भरा डंपर जब्त किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीरसिंह राठौड़ के सुपरविजन में टीडी थानाधिकारी फैलीराम के नेतृत्व में गठित दल ने तलाशी अभियान के दौरान कार्यवाही करते हुए सडक पर लावारिस हालत में खड़े मिले अवैध बजरी से भरे डंपर को जब्त कर खान विभाग को सूचना कर प्रकरण दर्ज किया।

### कांस्टेबल की अकाल मौत

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के हिरणमगरी थानाक्षैत्र में कांस्टेबल की अकाल मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार रात में पुलिस कांस्टेबल रेलमगरा राजसमन्द हाल पुलिस लाईन निवासी शंकरलाल (53) पुत्र नगजी भील की अचानक तबीयत खराब होने पर परिजनों ने उसे निजी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई। एएसआई सुरेश ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

### धोखे से जमीन व नकदी हड़पी

**उदयपुर, (कासं)।** कुराबड थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जमीन बेचने का झांसा देकर पीडित से रजिस्ट्री करवा नकदी का भुगतान नहीं करने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता वन्दना पत्नी चौथमल जैन निवासी श्रीमाल कॉलोनी बडगांव हॉल भुपालपुरा ने आरोपी चन्द्रग्राम नगर जयपुर निवासी रामकेश पुत्र वतुलमीणा व साथी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडिता ने बताया कि आरोपी को मेने जमीन बेची थी। इस दौरान 11 लाख 50 हजार के चैक देने पर रजिस्ट्री करवा दी थी। निर्धारित समय पर चैक बैंक में प्रस्तुत करने पर अनादरित हो गए। इस संबध में संपर्क करने पर आरोपी ने कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# डेंगू-मलेरिया की रोकथाम को लेकर रैली निकाली

- **कलेक्टर ने आमजन से संवाद कर मौसमी बीमारियों से बचाव का संदेश दिया**
- **रैली में कलक्टर अरविन्द पोसवाल शामिल हुए**

**उदयपुर, (कासं)।** जिले में डेंगू-मलेरिया जैसी मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से गुरूवार को जन-जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल भी शामिल हुए तथा मार्ग में आमजन से संवाद कर उन्हें मौसमी बीमारियों से बचाव का संदेश दिया।

शहर के सेटेलाइट हॉस्पिटल चांद पोल के समीप गुरूवार को जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने हरी झण्डी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। रैली डेंगू प्रभावित क्षेत्र गांधी नगर, मल्ला तलाई, रामपुरा होते हुए गांधी नगर स्थित जनता क्लिनिक पहुंच कर संपन्न हुई। रैली में जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल, सीएमएचओ, अधीक्षक, डिप्टी सीएमएचओ सहित सभी अधिकारी शामिल हुए। रास्ते में आने वाले सभी प्रकार के जल स्त्रोतों का निरीक्षण कर लार्वा वाले पात्रों को मौके पर ही खाली करवाया। घरों में और आसपास सफाई रखने को लेकर आमजन की समझाइश की।

जिला कलक्टर ने लोगों से चिकित्सा विभाग, नगर निगम और उदयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा की जा रही गतिविधियों में सहयोग करने की अपील की। इस दौरान सैटेलाइट अधीक्षक डॉ राहुल जैन, डिप्टी सीएमएचओ डॉ अंकित जैन सहित अन्य अधिकारीगण, नर्सिंग प्रशिक्षु, आशा और एएनएम ने भाग लिया। रैली में सभी प्रतिभागी बैनर, पोस्टर, पेम्पलेट, तख्तियां लेकर चल रहे थे। रैली के माध्यम से आमजन से अपील की गई कि अपने घरों और घरों के आसपास पानी इकट्ठा नहीं होने दें। आसपास के खाली पड़े प्लाट्स में कचरा नहीं फैलाएं।

घरों में रखे टीन के डिब्बे, कूलर, टंकी, नारियल के खोल,टायर, गमलों और गमलों की ट्रे इत्यादि जिनमें पानी इकट्ठा होता है उन्हें तुरंत खाली करने की जानकारी दी गई। उधर, भूपालपुरा क्षेत्र में भी डॉ कैलाश शर्मा के निर्देशन में जागरूकता रैली निकाली गई।

# विकास प्राधिकरण ने ध्वस्त किये अतिक्रमण

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को राजस्व ग्राम तीतरड़ी क्षेत्र में स्थित रूंडेला तालाब के अधिकतम भराव क्षेत्र में अवैध निर्माण हटाने की कारवाई की। यहां रेस्टोरेन्ट, पक्के मकान निर्माण और बाउण्ड्रीवाल ध्वस्त किए गए। जानकारी के अनुसार रूंडेला तालाब के अधिकतम भराव क्षेत्र में नए निर्माण हो रहे थे। ऐसे निर्माण को उदयपुर विकास प्राधिकरण ने पिछले दिनों चिन्हित किए और प्रकरण दर्ज कर आज उनको ध्वस्त करने की कारवाई की गई। यूडीए तहसीलदार डॉ. अभिनव शर्मा ने बताया कि कुछ निर्माण के सम्बन्ध में सिविल न्यायालय में मामला विचाराधीन है। उनको छोड़कर शेष निर्माण हटाए गए। ;यूडीए आयुक्त राहूल जैन निर्देशानुसार राजस्व ग्राम मादड़ी पुरोहितान में रोड सीमा में स्वीकृति विपरीत सेट बैक क्षेत्र से छज्जे व अन्य निर्माण भी ध्वस्त किए गए। उक्त निर्माण को पूर्व में भी रूकवाया गया था। उसके बावजूद निर्माण कार्य जारी था। राजस्व निरीक्षक भरत हथाया, अभिमन्यू सिंह,अभय सिंह राणावत, विजय नायक व पटवारी भगवतीलाल भट्ट भी मौजूद थे।

### नकदी हड़पी

**उदयपुर, (कासं)।** प्यार में फंसा कर पीडित से लाखों की नकदी वसूल करने वाली युवती व साथी के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। जानकारी के अनुसार प्रोपर्टी डिलर सुखदेवी नगर बेदला तलाई सुखेर निवासी संदीप कुमार पुत्र मोहनलाल खटीक ने आरोपी से पांच वर्ष पूर्व संपर्क हुआ। इस दौरान उसने मुझे प्यार के जाल में फंसाया।

### इतिहास से छेड़छाड़ करने का आरोप, किया प्रदर्शन

**उदयपुर, (कासं)।** जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी और उदयपुर भाजपा सांसद के बयानों के विरोध में आदिवासी समाज व उनसे जुड़े संगठनों की ओर से गुरुवार को कलेक्ट्री पर प्रदर्शन किया गया। मंत्री और सांसद का पुतला जलाया गया।

प्रदर्शन करते हुए दोनों जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आदिवासियों के इतिहास से छेड़छाड़ नहीं करने की चेतावनी दी गई। समाज के लोगों का कहना था कि मंत्री खराड़ी द्वारा राणा पूंजा को सोलंकी राजपूत बताए जाने वाले बयान के पीछे मुख्य उद्देश्य भीलों को राजपूतों से लड़ाने की साजिश है।भील हमेशा महाराणा प्रताप के साथ थे और साथ लड़े थे। तब जाकर महाराणा प्रताप मेवाड़ में वीर शिरोमणी बने हैं। लेकिन आज इतिहास को तोड़.मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। आदिवासी नेता अमित खराड़ी ने उदयपुर से भाजपा सांसद मन्नालाल रावत पर निशाना साधते हुए कहा कि सांसद रावत मानगढ़ धाम के इतिहास को गलत तरीके से पेश कर रहे हैं।वे इतिहास में दर्ज भील प्रदेश के शब्द को गलत बता रहे हैं और इसे पुस्तकों से हटवाने का प्रयास कर रहे हैं। अमित खराड़ी ने कहा कि भाजपा सांसद आए दिन आदिवासियों के खिलाफ बयान देते हैं जिससे समाज के लोगों में भारी रोष है।

## रावण परिवार के पुतले पहुंचे गांधी ग्राउंड

- **15 कलाकार गुजरात जनजाति नृत्य शोभायात्रा में प्रस्तुति देंगे**

**उदयपुर, (कासं)।** शनिवार को विजयादशमी महोत्सव (दशहरे) पर होने वाले रावण परिवार के पुतले दहन को लेकर गुरूवार को तीनों पुतले चेटक स्थित गांधी ठ्ााउंड पहुंचे। सौ फीट लंबी सोने की लांक, 70 फीट रावण व 65 फीट के मेघनाथ व कुंभकरण के पुतलों का विजयादशमी पर्व पर दहन होगा।

श्री बिलोचिस्तान पंचायत व श्री सनातन धर्म सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में 12अक्टूबर शनिवार को विजया दशमी महोत्सव मनाया जायेगा। इसको लेकर गुरुवार को शक्तिनगर स्थित बिलोचिस्तान भवन से रावण परिवार के तीनों पुतले चेटक स्थित गांधी ग्राउंड पहुंचाए गए। पूज्य श्री बिलोचिस्तान पंचायत के महासचिव विजय आहूजा ने बताया कि गांधी ग्राउंड में रावण का पुतला 70 फीट, मेघनाथ कुंभकरण का करीब 65 फिट होगा एव करीब 100 फीट लंबी सोने की लंका भी बनाई जाएगी, इसके लिए मथुरा से आई शाकिर अली की टीम तैयार किया गया। आहुजा ने बताया कि इस बार कुछ अलग तरह से रावण दहन पर प्रयास किया जा रहा है। पुतले दहन से पूर्व 12 अक्टूबर को प्रात: 9 बजे से समाज की परंपरानुसार दशहरे पर नवशिशु का बाल मुंडन शक्ति नगर स्थित सनातन मंदिर में होगा ,उसके पश्चात दोपहर 3 बजे भगवान श्री राम व लक्ष्मण द्वारा भगवान शिव का पूजन शक्ति नगर स्थित सनातन धर्म मंदिर में होगा दोपहर 3:30 पर शक्तिनगर से सनातन धर्म मंदिर से शोभ्यात्रा प्रारंभ होगी जिसमें वेस्ट जोन कल्चरल द्वारा 26 कलाकार इस कार्यक्रम के लिए बुलाए हैं जिसमें 15 कलाकार गुजरात जनजाति नृत्य शोभायात्रा में प्रस्तुति देंगे साथ ही स्टेडियम में पांच कलाकार बाड़मेर से लोकगीत की प्रस्तुति देंगे एव 6 कलाकार कोटा चकरी नृत्य की प्रस्तुति देंगे व कई सगठन व समाज द्वारा विभिन्न झांकियां जो विभिन्न मार्ग से होते हुए शाम 5.30 बजे स्टेडियम पहुंचेगी फिर 6.30 बजे सास्कृतिक कार्यक्रम, 7 बजे आतिशबाजी, 7.30 बजे लंका दहन और 7:45 पर रावण , मेघनाथ, कुंभकरण के पुतलों का आतिशी दहन होगा। पंचायत अध्यक्ष नानकराम कस्तूरी ने बताया कि दशहरे की तैयारी के लिए शक्ति नगर स्थित सनातन धर्म मंदिर में पंचायत व सेवा समिति के सभी सदस्यों को समितियां बनाकर कार्यभार सोपे गए।हेमन्त गखरेजा ने बताया कि कार्यक्रम में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम द्वारा असत्य एवं अधर्म के प्रतिक लंकाधिपति रावण पर विजयश्री के उपलक्ष्य में गत वर्ष की भांति 76 वा विजय दशमी महोत्सव 12 अक्टूबर को परम श्रद्धेय शैलेश कुमार ब्रिजवानी गुरु जी द्वारा विजय तिलक होगा।

### दिव्यांग क्रिकेट चैंपियनशिप 15 अक्टूबर से

**उदयपुर, (कासं)।** देशभर की दिव्यांग प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से नारायण सेवा संस्थान एवं डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट कौंसिल के तत्वावधान में चौथी नेशनल फिजिकल डिसेबिलिटी टी-20 क्रिकेट चैंपियनशिप का आयोजन उदयपुर में होगा। प्रतियोगिता में 24 राज्यों के 400 दिव्यांग क्रिकेटर और 100 से अधिक खेल अधिकारी हिस्सा लेंगे। उदयपुर शहर के 5 ग्राउंड में 67 मैच खेले जाएंगे। सभी मैच 20-20 ओवर के होंगे। प्रतियोगिता 15 से 25 अक्टूबर तक चलेगी।इस प्रतियोगिता का उद्घाटन राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग मंत्री अविनाश गहलोत 15 अक्टूबर को प्रात: 11 बजे करेंगे। यह जानकारी नारायण सेवा संस्थान के ट्रस्टी एवं निदेशक देवेंद्र चौबीसा ने दी। उन्होंने बताया कि इन खिलाडियों का चयन पिछले एक वर्ष में हुए विभिन्न टूर्नामेंट में प्रदर्शन को आधार मानकर किया गया है। ये सभी खिलाडी 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के हैं। इस चैंपियनशिप में ज्यादातर खिलाडी एक हाथ या एक पैर से अथवा जन्मजात शारीरिक दिव्यांगता से ग्रस्त है। सच में दिव्यांगों को मंच देना और उन्हें अधिकार पूर्ण जिंदगी देने के लिए नारायण सेवा संस्थान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस प्रतियोगिता में संस्थान द्वारा भोजन, आवास, चिकित्सा, यातायात और ग्राउण्ड व्यवस्था का सपोर्ट किया जा रहा है।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्यस्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण राजस्थान सरकार के पत्र कंमाक F1(4) /SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/ Cat.B2 (23129)/2022-23 Jaipur Dated 22.08.2023 के द्वारा श्री सुमित स्वामी पुत्र श्री महेश चन्द्र स्वामी, पता ई 50, शिवमार्ग निर्माण नगर अजमेर रोड जयपुर, जिला-जयपुर (राज.) को निकट ग्राम ढेलाणा, तहसील आमेट, जिला राजसमंद (राज.) में स्थित एम०एल०न 259/2008 क्षेत्रफल 4.0032 हैक्टर, वास्ते खनिज-क्वार्टज एण्ड फैल्सपार के लिये पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति SEIAA एंव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल कार्यालय में जन साधारण के लिये उपलब्ध है।

श्री सुमित स्वामी पुत्र श्री महेश चन्द्र स्वामी

**कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)**

Email:-np_ntd@yahoo.co.in nagarpalikanathdwara@gmail.com Ph.-02953-233526

क्रमांक/न.प.नाथ./भूमि/24/11786 दिनांक:9/10/2024

**-:आपत्तीय विज्ञप्ती:-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका में राजस्व ग्राम नाथद्वारा तहसील नाथद्वारा के खसरा नं. 3036/1069 कुल रकबा 0.1391 हैक्टर में से 0.0743 हैक्टर भूमि का भू-उपयोग परिवर्तन नियम 2010के तहत मास्टर प्लान में वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें किसी प्रकार की कोई आपत्ती हो तो वह व्यक्ति समाचार में प्रकाशित होने से 07 दिवस के अन्दर तक आपत्ती दर्ज करा सकता है प्रस्तावित स्थल का विवरण निम्न सारणी अनुसार है। अवधि निकलने के पश्चात कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी।

| क्र. सं. | नाम व्यक्ति/संस्था का नाम | चाहा गया भू-उपयोग परिवर्तन | प्रस्तावित स्थल का विवरण सीमाएं पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री किशनलाल डागलिया, गणपत लाल डागलिया,सुरेश कुमार डागलिया, लक्ष्मी लाल डागलिया पुत्र श्री मोहन लाल डागलिया निवासी कोशीवडा तहसील खमनोर हाल निवासी मुंबई | वाणिज्यिक | अन्य भूमि | स्वयं की होटल गार्डन व्यु | अरिहन्त कॉम्प लेक्स | 15 फिट रोड व अन्य भूमि |

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

**कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)**

क्रमांक/न.पा.ना./तामीर/2024/11765 दिनांक : 8/10/2024

**-:आपत्ती सूचना:-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर भवन निर्माण में कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम /पता | आवेदिक सम्पत्ति का विवरण | पड़ौस पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री कालुराम जाट पिता श्री गौपी लाल जाट | भलावतों का खेडा नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या-18 | आम रास्ता 30 फिट | भूखण्ड संख्या-20 | 60 फिट चौडा रास्ता |

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा



राजस्थान सरकार

अंतरराष्ट्रीय

बालिका दिवस

11 अक्टूबर, 2024



श्री भजनलाल शर्मा, मुख्यमंत्री

सफल समाज का वचन, हर बेटी को जीवन

पीसीपीएनडीटी अधिनियम के तहत गर्भस्थ शिशु का लिंग परीक्षण कानूनी अपराध है

वैधानिक चेतावनी

गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम-1994 (PCPNDT) के तहत गर्भस्थ शिशु का लिंग परीक्षण करना अथवा करवाना, इसके लिए सहयोग देना व विज्ञापन करना कानूनी अपराध है। उपरोक्त कृत्य के लिए 3 से 5 वर्ष तक का कारावास एवं 10 हजार से 1 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

3 लाख रु. तक का इनाम

भ्रूण लिंग परीक्षण की सूचना पर

आपके क्षेत्र में कोई व्यक्ति इस कार्य में लिप्त है तो टोल फ्री नं. 104/108 या वाट्सएप नं. 9799997795 पर शिकायत दर्ज कराएं, मुखबिर की पहचान गोपनीय रखी जाएगी



राजस्थान संवाद

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवाएं, (आई.ई.सी.) राजस्थान, जयपुर